समाचार

07 नवम्बर को विकास कार्यो का भूमिपूजन लोकार्पण करेंगी सांसद श्रीमती महंत

(राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल करेंगे कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल की रहेगी विशिष्ट उपस्थिति)

कोरबा 06 नवम्बर 2019 –सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत के द्वारा कल निगम के विकास कार्यो का भूमिपूजन लोकार्पण किया जाएगा, कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल करेंगे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल, सभापति धुरपाल सिंह कंवर, मेयर इन कांउसिल के सदस्य एवं वार्ड पार्षदगण अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करेंगे। 07 नवम्बर को प्रातः 11 बजे इमलीडुग्गू गौमाता चौक में चौक के विकास कार्य व गार्डन का लोकार्पण कार्यक्रम रखा गया है, वहीं दोपहर 12 बजे उपस्वास्थ्य केन्द्र के पास पुरानी बस्ती कोरबा में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया है।